दिन– मंगलवार दिनांक– 09 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – सरकार ने पिछले बारह वर्षों में युवाओं, महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाया है।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेश में नए उद्योगों की स्थापना के लिए आवश्यक स्वीकृति तीस दिनों के भीतर प्रदान करने की घोषणा की।

03. राज्य सरकार ने सभी कोचिंग संस्थानों को अपने यहां पढ़ रहे विद्यार्थियों का विवरण संबंधित जिला प्रशासन को उपलब्ध कराना अनिवार्य किया।

04. और, प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश। लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की एनडीए सरकार के बारह वर्ष पूरे हो गए हैं। श्री मोदी ने आज ही के दिन वर्ष दो हजार चौबीस को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने पिछले बारह वर्षों में देश के युवाओं, महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि एक सौ चालीस करोड़ नागरिकों की राष्ट्रप्रथम की भावना से प्रेरित होकर सरकार विश्वास, विकास और जन कल्याण के लिए समर्पित है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले बारह वर्षों में 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत से प्रेरित निरंतर प्रयासों के माध्यम से देश एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत बनने की ओर अग्रसर है।

————————————————————————————

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में, भारत ने गरीबों के कल्याण और अभूतपूर्व विकास दोनों को एक साथ साकार होते देखा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने पिछले बारह वर्षों में सेवा भावना के माध्यम से शासन को नया रूप दिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को पिछले

बारह वर्षों में नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि युवाओं, किसानों, महिलाओं और उद्यमियों को सशक्त बनाते हुए विकसित भारत की मजबूत नींव रखी गई। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि कल दस जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का कीर्तिमान बनायेंगे। उन्होंने कहा कि यह श्री मोदी में देश की जनता के विश्वास का प्रतीक है।

———————————————————————————

प्रदेश में अब नए उद्योगों की स्थापना के लिए आवश्यक स्वीकृतियाँ मात्र तीस दिनों के भीतर प्रदान की जाएंगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निवेशकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए सिंगल विंडो प्रणाली के लिए राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद सचिवालय को एकल नोडल एजेंसी के रूप में अधिकृत किया गया है। इस व्यवस्था से विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और अनुमोदन प्रक्रिया अधिक तेज, पारदर्शी और समयबद्ध होगी।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने वैश्विक बिहारी समुदाय को प्रदेश के विकास, निवेश और नवाचार की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए एक विशेष डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरूआत की है। सूचना प्रावैधिकी मंत्री नीतीश मिश्रा ने आज पटना स्थित टेक्नोलॉजी भवन में आयोजित कार्यक्रम से इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह प्लेटफॉर्म देश–विदेश में बसे बिहार मूल के लोगों को राज्य की विकास यात्रा, निवेश अवसरों और ज्ञान–साझाकरण की पहलों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा।

––साउंड बाइट––

———————————————————————————

राज्य सरकार ने कोचिंग संस्थानों के संचालन को व्यवस्थित बनाने के लिए दिशा–निर्देश जारी किये हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अब सभी कोचिंग संस्थानों को अपने यहां पढ़ रहे विद्यार्थियों का विवरण संबंधित जिला प्रशासन को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। श्री चौधरी ने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों के निर्धारित शिक्षण समय के दौरान किसी भी कोचिंग संस्थान का संचालन नहीं किया जाएगा। हालांकि, यह व्यवस्था उन विद्यार्थियों पर लागू नहीं होगी जिन्होंने अपनी नियमित स्कूली या महाविद्यालयी शिक्षा पूरी कर ली है। मुख्यमंत्री ने

बताया कि इस संबंध में नियमावली तैयार करने के लिए शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया है।

———————————————————————

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि प्रदेश में कोचिंग संस्थाओं को कानून के दायरे में लाया जाएगा। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार बिहार राज्य कोचिंग नियमावली तैयार कर रही है। इस नियमावली को अगले तीन महीने के अंदर लागू कर दिया जाएगा।

——साउंड बाइट——

श्री तिवारी ने कहा कि उन्होंने राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मुलाकात की है। श्री प्रधान ने उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने इक्कीस जून को होने वाली नीट–यूजी पुनर्परीक्षा को कदाचार–मुक्त और सुरक्षित वातावरण में आयोजित करने के लिए व्यापक तैयारियां की है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और पुलिस महानिदेशक विनय कुमार की संयुक्त समीक्षा बैठक में परीक्षा संचालन के लिए जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कई निर्देश जारी किए गए। ब्योरा हमारी संवाददाता से...

——साउंड बाइट——

नीट पुनर्परीक्षा के लिए राज्य के पटना, दरभंगा, मोतिहारी समेत 34 जिलों के 35 शहरों में 331 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 1 लाख 56 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रश्न–पत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय वायु सेना और डाक विभाग के समन्वय से उन्हें विशेष विमानों द्वारा सुरक्षित रूप से पहुंचाया जाएगा। पुलिस को सोशल मीडिया पर चौबीसों घंटे निगरानी रखने तथा अफवाह फैलाने या फर्जी प्रश्न–पत्र प्रसारित करने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। संदिग्ध कोचिंग संस्थानों पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से निधि श्री।

———————————————————————

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर राष्ट्रव्यापी समारोहों का शुभारंभ किया। श्री नड्डा ने कहा कि इस अभियान ने देशभर में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

——साउंड बाइट——

इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया कि इस अवसर पर गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य जांच के लिए स्वास्थ्य शिविरों को आयोजन किया गया।

———————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने आज पटना से थैलेसीमिया पीड़ित पांच बच्चों को बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए पटना से वेल्लोर रवाना किया। उन्होंने बताया कि अब तक तैंतालीस बच्चों का मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना के तहत सफलतापूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया जा चुका है।

———————————————————————————

प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में मौसम के अलग–अलग मिजाज देखने को मिल रहे हैं। राज्य का दक्षिणी हिस्सा, जहां भीषण गर्मी की चपेट में है, वहीं, उत्तरी और पूर्वी हिस्से में बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि आज खगड़िया, भागलपुर, बेगूसराय, समस्तीपुर, मधुबनी और सीतामढ़ी समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश हुयी है। कई जगहों पर ओलावृष्टि की भी खबर है। इधर, राज्य का दक्षिणी हिस्सा भीषण गर्मी की चपेट में है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। पटना, गयाजी और औरंगाबाद का तापमान इकतालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। वहीं, राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान है।

——साउंड बाइट——

———————————————————————————

नालंदा विश्वविद्यालय ने भारत और मंगोलिया के बीच शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए उलानबटार में दो ऐतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। गंदन मठ और नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ मंगोलिया के साथ हुए इन समझौतों से बौद्ध विरासत और संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। एक रिपोर्ट..

——रिपोर्ट——

नालंदा विश्वविद्यालय का पहला ऐतिहासिक समझौता उलानबटार के प्रसिद्ध गंदन मठ के साथ हुआ है। यह साझेदारी दोनों देशों की साझा बौद्ध विरासत पर आधारित है, जिसके तहत दुर्लभ बौद्ध पांडुलिपियों के संरक्षण, संयुक्त अनुसंधान और प्राचीन नालंदा की ज्ञानपरंपरा को सहेजने पर काम किया जाएगा। इसी कड़ी में दूसरा समझौता नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ मंगोलिया के साथ संपन्न हुआ। इस समझौते के तहत बौद्ध दर्शन, धर्म अध्ययन, इतिहास, संस्कृति, कला, पारिस्थितिकी, संस्कृत और तिब्बती भाषा जैसे विविध क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान और छात्र–संकाय आदान–प्रदान कार्यक्रमों को गति दी जाएगी। समाचार कक्ष से निखिल आनंद गिरी।

———————————————————————————

एशिया कप अंडर– 18 हॉकी ट्रॉफी में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम के गोल कीपर सावन कुमार का आज पटना पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सावन कुमार ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर बिहार का नाम रौशन किया है।

––साउंड बाइट––

पत्रकारों से बातचीत में सावन कुमार ने कहा कि विजेता भारतीय टीम का हिस्सा बनना उनके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि बिहार खेल के क्षेत्र में काफी विकास कर रहा है।

––साउंड बाइट––

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के हरैया थाना क्षेत्र के कस्टम चौक के पास पुलिस ने दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है. इनमें एक स्विट्जरलैंड की महिला और म्यांमार का एक युवक शामिल है। दोनों पर बिना वैध वीजा और पासपोर्ट के अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने का आरोप है।

———————————————————————————

शेखपुरा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आज सिक्किम और पूर्वोत्तर राज्य के लोगों को सभी प्रकार की निःशुल्क कानूनी सहायता दिए जाने को लेकर विधिक सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया।

———————————————————————————

जमुई जिले के खैरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भौंड बालू घाट स्थित चालान सेंटर से अपराधियों ने हथियार के बल पर आठ लाख रुपये लूट लिए। लूट का विरोध करने पर अपराधियों ने दो कर्मचारियों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

———————————————————————————

सहरसा के जिला शिक्षा विभाग कार्यालय भवन के तीसरे मंजिल पर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। अगलगी की घटना में लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी।

———————————————————————————

सुपौल के भपटियाही थाना क्षेत्र के बनेनिया कोसी घाट पर एक नाव असंतुलित होकर पलट गयी। स्थानीय लोगों की मदद से सभी नाव सवार लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – सरकार ने पिछले बारह वर्षों में युवाओं, महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाया है।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेश में नए उद्योगों की स्थापना के लिए आवश्यक स्वीकृति तीस दिनों के भीतर प्रदान करने की घोषणा की।

03. राज्य सरकार ने सभी कोचिंग संस्थानों को अपने यहां पढ़ रहे विद्यार्थियों का विवरण संबंधित जिला प्रशासन को उपलब्ध कराना अनिवार्य किया।

04. और, प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश। लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।